खण्ड-13 संख्या-6

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## बुधवार, तिथि 24 जनवरी, 1990 ई०

( भाग-2 कार्यवाही प्रश्नोत्तर रहित )

भारत के संविधान के उपबन्ध के अनुसार एकत्र विधान-सभा का कार्य-विवरण ।

सभा का अधिवेशन पटना के सभा सदन में बुधवार, तिथि 24 जनवरी, 1990 ई० को पूर्वाह्न 10.15 बजे अध्यक्ष श्री मो० हिदयातुल्लाह खाँ के सभापतित्व में प्रारम्भ हुआ।

---

पटना
तिथि 24 जनवरी, 1990 ई०

चन्द्रशेखर शर्मा
सचिव
बिहार विधान-सभा

---

अत: सरकार से मांग करता हूं कि अविलंब उनके प्रतिनिधियों के साथ वार्ता कर उनकी समस्याओं का हल निकालें और उनकी कठिनाई दूर करें।

**'च' श्री उराँव को क्षतिपूर्त्ति देने के संबंध में**

**श्री गंगा भगत :** महोदय, श्री बिरसा उरांव पिता स्व० श्री गुंगा उरांव ग्राम चचकपी पो० तुको थाना बेड़ो जिला रांची के खलियान में दिनांक 24-11-89 की रात को आग लग जाने से करीब एक सौ मन धान और पुआल जल गया।

अत: श्री उरांव को क्षतिपूर्त्ति देने हेतु सरकार से मांग करता हूं।

## अन्यावश्यक लोक महत्त्व के विषयों पर ध्यानाकर्षण एवं उसपर सरकारी वक्तव्य

सर्वश्री प्रभुदायल सिंह, अदनान खां एवं अन्य दो सभासदों की ध्यानाकर्षण सूचना पर सरकार की ओर से वक्तव्य।

**श्री रामाश्रय प्र० सिंह :** सभापति महोदय, इसका जवाब कल यानी 25-1-90 को दिया जायगा।

श्री नवल किशोर शाही, स०वि०स० की ध्यानाकर्षण सूचना पर सरकार की ओर से वक्तव्य।

**श्री रामाश्रय प्र० सिंह :** माननीय सदस्य सूचना पढ़ चुके हैं। इस पर पूरक नहीं पूछा जायगा। मंत्री इसका जवाब पढ़ दें।

**श्रीमती उमा पाण्डेय :** महोदय, प्रधानाध्यापक, जी०ए० इंटर विद्यायल, हाजीपुर एवं सहायक शिक्षक श्री विष्णुलाल